वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेस विज्ञप्ति

एतदद्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एम0एस–सी0 (कृषि) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2021–22 के छात्र/छात्राओं की परीक्षा हेतु आवेदन फार्म आन–लाइन भरे जाने, शुल्क जमा करने एवं विश्वविद्यालय में शुल्क विवरण एवं फार्म जमा करने हेतु तिथियॉ निम्नवत है:–

01	आनलाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथि	दिनांक –14.09.2022 से 18.09.2022 तक
02	विलम्ब शुल्क सहित आनलाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथि (विलम्ब शुल्क रु0 500/–)	दिनांक – 19.09.2022 से 20.09.2022 तक
03	आनलाईन भरे गये परीक्षा फार्म में संशोधन एवं सत्यापन	दिनांक –21.09.2022 से 22.09.2022
04	महाविद्यालय द्वारा समस्त शुल्क लागिन से आनलाईन विश्वविद्यालय के खाते में जमा करने की तिथि	दिनांक – 23.09.2022 से 24.09.2022
05	विश्वविद्यालय में परीक्षा नामिनल रोल जमा करनें एवं शुल्क सत्यापन कराने की तिथि	दिनांक – 26.09.2022 एवं 27.09.2022
06	परीक्षा की प्रस्तावित तिथि	यथाशीघ्र घोषित की जायेगी।

महाविद्यालय द्वारा समस्त शुल्क उनके लागिन से आनलाईन जमा किया जायेगा, जिसकी जमा पर्ची विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में प्रस्तुत करेंगे। इस हेतु प्रक्रिया निम्नवत् रहेगी:–

1. महाविद्यालय अपने लागिन से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का **Online** सत्यापन करेंगे।
2. सत्यापित समस्त छात्रों की देय राशि का चालान **Online/Offline** तीन प्रतियों में (जिस प्रकार जमा किया जाना है) निकाला जायेगा।
3. चालान में वर्णित समस्त धनराशि या तो **Online** या किसी भी बैंक द्वारा चालान में वर्णित वर्चुवल खाते में **NEFT/RTGS** माध्यम से जमा की जायेगी।
4. उक्त प्रकार जमा धनराशि का चालान विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में जमा कर सत्यापन कराना होगा।
5. उक्त अनुसार खेलकूद एवं रोवर्स/रेंजर्स के चालान तीन प्रतियों में अलग–अलग वर्चुवल खाते के साथ निकलेगे।
6. ध्यान रखे कि प्रत्येक महाविद्यालय का वर्चुवल खाता अलग–अलग होगा एवं बार–बार निकालने पर खाता संख्या परिवर्तित दिखेगा।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक– 1934/परीक्षा/2022

दिनांक– 13.9.2022

प्रतिलिपि– निम्मलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सम्पादक.. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुॅचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या/ सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि संबंधित छात्र/छात्राओं को सूचना अपने स्तर से भी देने की कृपा करें।
3. प्रभारी, एम0आई0एस0 प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
5. आशुलिपिक वित्तअधिकारी, वित्तअधिकारी जी को सूचनार्थ।
6. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
7. अधीक्षक, परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय।
8. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

सहायक कुलसचिव
(परीक्षा)